8

अति आवश्यक/मा0 सर्वोच्च न्यायालय प्रकरण/समयबद्ध/फैक्स

उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय इलाहाबाद।

संख्याःदस–51–2016(SLP) दिनांकःदिसम्बर13 ,2017

सेवा में,

पुलिस अधीक्षक,
तकनीकी सेवायें मुख्यालय,
विधि विज्ञान प्रयोगशाला परिसर,
महानगर, लखनऊ, उ0प्र0।

विषयः मा0 उच्चतम न्यायालय में योजित विशेष अनुज्ञायाचिका(सिविल) संख्या–10004/2016 दीपक कुमार व अन्य बनाम प्रमुख सचिव, गृह व अन्य एवं सम्बद्ध 3 विशेष अनुज्ञा याचिका (सिविल) संख्या 10005/2016, 10006/2016 व 10008/2016 में मा0 सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित निर्णय दिनांक10.10.2017 का अनुपालन कराने के सम्बन्ध में।

कृपया उपर्युक्त सम्बन्ध में अवगत कराना है कि समस्त विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्य, पुलिस विभाग, उ0प्र0 को सम्बोधित इस मुख्यालय के समसंख्यक पत्र दिनांकः20–11–2017 के द्वारा वर्ष–2005–2006 के भर्ती आरक्षियों में से कुछ कर्मी जिनका नाम उक्त अनुज्ञा याचिकाओं में अंकित है एवं इसके अतिरिक्त दिनांक 17.08.2017 तक जो याची मा0 उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली में अप्लीकेशन देकर जुड़े हैं, सहित (**कुल 2198**) याचियों की सूची संलग्न कर उनको इस आशय से प्रेषित की गयी थी, कि उसका परीक्षण कर निर्धारित प्रारूप में दिनांकः24–11–2017 तक सूचना उपलब्ध कराने का कष्ट करें, किन्तु अपेक्षित सूचना अभी तक प्राप्त न होने के कारण मा0 सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित निर्णय दिनांकः10–10–2017 का अनुपालन कराया जाना सम्भव नहीं हो पा रहा है।

2– प्रश्नगत प्रकरण में यह भी अवगत कराना है कि कतिपय जनपद/इकाई से प्राप्त सूचना व नामिनल रोल सिस्टम पर उपलब्ध सूचना के आधार पर सूची तैयार करायी गयी है, फिर भी अभी तक कुल 2198 आरक्षी कर्मियों में से 418 आरक्षियों के सम्बन्ध में विवरण ज्ञात नहीं हो पा रहा है।

3– अतएवं प्रश्नगत प्रकरण में जिन 418 कर्मियों के विवरण ज्ञात नहीं हो पा रहे हैं, उनकी सूची उ0प्र0 पुलिस मुख्यालय की वेबसाइट पर प्रदर्शित किये जाने हेतु आपको ई–मेल के माध्यम से प्रेषित की जा रही है। कृपया इसे तत्काल उ0प्र0 पुलिस मुख्यालय की वेबसाइट पर प्रदर्शित कराने के साथ ही अपने स्तर से भी सम्बन्धित कर्मियों के सम्बन्ध में परीक्षण कर उनका **सही पी0एन0ओ0 नम्बर/नाम/पिता का नाम/वर्तमान नियुक्ति स्थान आदि** से इस मुख्यालय को **दिनांक 15–12–2017** तक प्रत्येक दशा में फैक्स /ई–मेल आईडी (anubhagadhikari10phq@gmail.cm) के माध्यम से अवश्य उपलब्ध कराने का कष्ट करें, ताकि तदनुसार प्रकरण में अपेक्षित कार्यवाही पूर्ण कराकर मा0 न्यायालय के निर्णय दिनांकः10–10–2017 का अनुपालन कराया जा सके। प्रकरण अत्यन्त महत्वपूर्ण/समयबद्ध एवं मा0 सर्वोच्च न्यायालय से सम्बन्धित है। कृपया इसे सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करें।

प्रारूप

क0 सं0	पीएनओ नं0	याची का नाम	पिता का नाम	निवास का पता	तत्समय नियुक्ति जनपद	वर्तमान नियुक्ति जनपद	भर्ती का वर्ष	जिस माध्यम से कर्मी मा0 उच्चतम न्यायालय,नई दिल्ली में विचारण हेतु दिनांकः17–8–2017 तक या उससे पूर्व अपना प्रकरण प्रस्तुत किया है उस अनुज्ञा याचिका की संख्या एवं कर्मी का नाम किस कम पर है, उसका कमांक
1	2	3		5	6	7	8	9

13.12.17

(अशोक कुमार)
पुलिस अधीक्षक,कार्मिक
उ0प्र0।

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को उपरोक्त संदर्भ में सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–

1– पुलिस महानिरीक्षक,स्थापना,मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 लखनऊ।

2– श्री अजय कुमार झॉ सहायक प्रोग्रामर अनुभाग–बजट उ0प्र0 पुलिस मुख्यालय, इलाहाबाद को शेष याचीगण की सूची (417) संलग्न कर इस आशय से प्रेषित है कि कृपया इसे उ0प्र0 पुलिस मुख्यालय की वेबसाइट पर प्रदर्शित कराने का कष्ट करे।